# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022


## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–15/2026*

## राज्यपाल ने महात्मा गाँधी को नमन किया तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं को मौन श्रद्धांजलि दी

**पटना 30 जनवरी, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि के अवसर पर पटना के गाँधी घाट पर उनकी समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सशस्त्र पुलिस द्वारा सलामी दी गई तथा दो मिनट की शोक सलामी भी दी गई। राज्यपाल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं को मौन श्रद्धांजलि भी दी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपनी प्राणाहूति देनेवाले शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी।

बिहार लोक भवन, पटना में भी राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के हुतात्माओं को मौन श्रद्धांजलि दी।

..............................................